# रफ्तार भरेंगी इन्फ्रास्ट्रक्चर योजनाएं

## एक्सप्रेस-वे, एयरपोर्ट, मेट्रो और सड़कों के निर्माण कार्यों पर फोकस बरकरार

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। सरकार ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे को पूरा करने व गंगा एक्सप्रेस-वे के शिलान्यास की राह आसान कर दी है। इसी के साथ बुंदेलखंड व गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्यों को तय टाइमलाइन से जारी रखने के लिए बजट की व्यवस्था कर दी है। इन प्रोजेक्ट के लिए 11,148 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

**पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे को करेंगे पूरा, गंगा एक्सप्रेस-वे का कराएंगे शिलान्यास**

**गोरखपुर और बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का काम होगा तेज, गोरखपुर-वाराणसी को मेट्रो मिली**

सरकार ने अनुपूरक के मुताबिक नोएडा के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय जेवर एयरपोर्ट की हवाई पट्टियों की संख्या दो से बढ़ाकर छह करने व अयोध्या में निर्माणाधीन मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम हवाई अड्डे के लिए भी बजट की व्यवस्था की है। इन दोनों महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के लिए 2,101 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

कानपुर, आगरा में मेट्रो तथा दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के निर्माण को रफ्तार देने के लिए बजट के साथ वाराणसी व गोरखपुर को नए मेट्रो की सौगात मिली है। इन शहरों के मेट्रो सिस्टम के लिए 2,501 करोड़ रुपये मिलेंगे। इसके अलावा सड़क, सेतु के निर्माण व रखरखाव, तहसील व ब्लॉकों को पक्के मार्ग से जोड़ने तथा विश्व बैंक की सहायता वाले प्रदेश कोर रोड नेटवर्क परियोजना व एशियन डेवलपमेंट बैंक सहायतित मुख्य जिला विकास परियोजना के अंतर्गत सड़क निर्माण के लिए 19,111 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। इस आवंटन से चुनावी वर्ष में प्रदेश के कोने-कोने तक काम होते नजर आएंगे।




**2000** करोड़ रुपये जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट नोएडा के लिए

**101** करोड़ रुपये अयोध्या हवाई अड्डे पर खर्च होंगे

### एक्सप्रेस-वे के लिए

**1107** करोड़ पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे



**7200** करोड़ गंगा एक्सप्रेस-वे (भूमि अधिग्रहण)

5000 करोड़ पीएम ग्राम सड़क योजना-3 के बैच-1 के लिए

**1492** करोड़ बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे

**860** करोड़ गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे


**489** करोड़ गंगा एक्सप्रेस-वे (निर्माण)

### लोक निर्माण के लिए



| | |
|---|---|
| सड़क व पुल निर्माण | 12441 करोड़ |
| सड़क-पुल अनुरक्षण | 4126 करोड़ |
| गांवों-बसावटों को पक्के मार्ग से जोड़ने | 695 करोड़ |
| विश्व बैंक की पूरी कोर रोड नेटवर्क | 440 करोड़ |
| एशियन डवलपमेंट बैंक-मुख्य जिला विकास मार्ग निर्माण | 206 करोड़ |

### मेट्रो के लिए



**597** करोड़ रुपये कानपुर

**478** करोड़ आगरा

**100** करोड़ वाराणसी-गोरखपुर

**1326** करोड़ दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के लिए